जलसंकट | बीछी में गहराया जल संकट, ग्रामीण बूंद-बूंद को मोहताज

# सफेद हाथी बनी करोड़ों की जल संवर्धन योजना






**मझौली, नवभारत, संवाददाता।** जनपद पंचायत मझौली के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत बीछी में भीषण गर्मी के बीच जल संकट ने विकराल रूप ले लिया है। ग्रामीणों को पानी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से बनाई गई करोड़ों की जल आवर्धन योजना अब ग्रामीणों के लिए परेशानी का सबब बन गई है।

ग्रामीणों का सीधा आरोप है कि भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ी नवनिर्मित पानी की टंकी पूरी तरह फेल हो चुकी है, जिससे गांव में सप्लाई ठप है।

### भ्रष्टाचार और बदहाली के भी आरोप

ग्रामीणों ने आक्रोश जताते हुए कहा कि प्रशासन द्वारा नई टंकी का निर्माण तो कराया गया, लेकिन इसकी गुणवत्ता इतनी खराब है कि यह चालू होते ही दम तोड़ गई। पाइपलाइन बिछाने में भी भारी लापरवाही बरती गई है। वर्तमान में ग्रामीणों को मजबूरन दूर-दराज के खेतों और निजी कुओं से पानी ढोकर लाना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि तकनीकी खामियों और घटिया निर्माण के कारण पानी नहीं मिल रहा है। वहीं बिजली बिल बकाया होने से मोटर पंप बंद कर दिया गया है।

### बिजली बिल नहीं भरने से कटी लाइन

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, पंचायत द्वारा बिजली बिलों का समय पर भुगतान नहीं किए जाने के कारण पंप हाउस की विद्युत आपूर्ति काट दी गई है। इसके चलते पिछले कई दिनों से नल-जल योजना के माध्यम से होने वाली सप्लाई बंद पड़ी है। ग्रामीणों का कहना है कि एक तरफ टंकी से पर्याप्त दबाव नहीं मिलता, वहीं दूसरी तरफ बिजली गुल होने से संकट और गहरा गया है।

### ग्रामीणों ने दी आंदोलन की चेतावनी

पानी की समस्या को लेकर ग्रामीणों पंचायत और संबंधित विभाग के खिलाफ आंदोलन की चेतावनी दी है।

**इनका कहना है**



गांव में पानी की विकट समस्या है। शासन ने टंकी तो बना दी, लेकिन वह महज एक ढांचा बनकर खड़ी है। अधिकारियों को कई बार शिकायत की गई, लेकिन कोई सुनने वाला नहीं है।

**बिनोद पटैल, स्थानीय निवासी, बीछी**



# जल आपूर्ति को लेकर कांग्रेस का प्रदर्शन

**सिहोरा।** नगर में जल आपूर्ति की व्यवस्था सुव्यवस्थित करने की मांग को लेकर प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देशन में जिला अध्यक्ष संजय यादव के आदेशानुसार नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष पवन सोनी के संयोजक में नगर पालिका सिहोरा में प्रदर्शन एवं ज्ञापन सोपा गया कार्यक्रम श्रीमति मंजू मिश्रा अमोल चौरसिया व फिरोज खान,बाबा कुरैशी, के के कुरारिया, पांडे, फैज आलम शाह , शेख साबिर,गिरधर सरावगी, लाल बहादुर पाठक,जगदीश सेन प्रदीप गौतम, राजकुमार पटेल,गौस भाई आजाद, यूसुफ खान के के दुबे, शमशेर खान उपास्थि थे।

कांग्रेस अध्यक्ष पवन सोनी ने बतलाया कि हिरन नदी में पानी समाप्त हो जाने की वजह से, वाटर सप्लाई बंद है, आम जनता बूंद बूंद पानी को तरस रही है, जनप्रतिधियों द्वारा नदी पानी छुड़वाने की अफवाह फैलाई गई पर एक सप्ताह से अधिक समय में वह पानी सिहोरा तक नहीं पहुंचा ।जन चर्चा है कि, पिछले साल जो पानी नदी में छोड़ा गया था,उसका भुगतान नगर पालिका ने नहीं किया है जिसके चलते इस साल अभी तक नदी में पानी नहीं छोड़ा गया है।

बरगी डैम का पानी नहर के माध्यम से नदी में पानी पर्याप्त मात्रा में छोड़ा जाए इसमें जो भी समस्याएं आ रही हों, उन्हें तत्काल दूर कर,पानी छुड़वाया जाये ।अमोल चौरसिया ने बतलाया कि नर्मदा पेय जल आपूर्ति ढप पड़ी हुई है,उसे सही एवं सुचारू रूप से तत्काल चालू कराए। एवं जिन घरों में नर्मदा जल के कनेक्शन नहीं है उनसे 120 रुपये जल कर नहीं लिया जाए, उनसे 60 रुपये ही जल कर लिया जावे। बाबा कुरैशी ने अपने उद्धबोधन में माँग की कि भूमिगत जल स्तर सही बना रहे, इसके लिए नगर के पुराने तालाबों का चौडीकरण एवं गहरीकरण किया जावे, एवं जहाँ तालाब की भूमि पर अतिक्रमण हो रहा है उसे अतिक्रमण मुक्त कराया जाए, एवं जिस तालाब में नगरपालिका का कचड़ा डालकर पूरा जा रहा है उसे साफ कराया जाए एवं कचरा डालना बंद कराया जाए।

इसके उपरांत समस्त कांग्रेस जनों ने नगर पालिका सिहोरा के सम्मुख जल आपूर्ति दुरुस्त करने की मांग को लेकर नारे लगाए एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी सिहोरा के नाम ज्ञापन सौंपा, साथ ही साथ समस्याओं से अवगत कराकर उनके निराकरण की मांग की। ज्ञापन में राजकुमार तिवारी,पापे यादव,संजय गुप्ता, वीरेन्द्र पटेल, अनेकों कांग्रेस जन उपस्थिति थे।

# शादी का झांसा देकर नाबालिग को बनाया गर्भवती

**आरोपी के खिलाफ पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज**

**मझौली, नवभारत।** जिला जबलपुर के थाना मझौली के अंतर्गत एक हृदयविदारक मामला सामने आया है, जहाँ एक 17 वर्षीय नाबालिग लड़की को शादी का झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म किया गया। आरोपी की वादाखिलाफी और प्रताड़ना के बाद, पीड़िता ने अब थाने पहुँचकर न्याय की गुहार लगाई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ बलात्कार और पाक्सो एक्ट की गंभीर धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है।

घटनाक्रम के अनुसार, कटनी जिले की रहने वाली 17 वर्षीय पीड़िता करीब एक साल पहले अपनी बड़ी बहन की विदाई के साथ उसकी ससुराल ग्राम जौली (थाना मझौली) आई थी। वहां रहने के दौरान गांव के ही आरोपी मोहित सिंह गौंड ने उसे अपने प्रेम जाल में फंसाया और शादी का प्रस्ताव रखा।

### खेत में ले जाकर लूटी अस्मत

दर्ज एफआईआर के मुताबिक, आरोपी मोहित ने जून 2025 में दो अलग-अलग रातों (12 और 13 जून) को नाबालिग को घर के पास स्थित खेत में ले जाकर उसके साथ जबरन गलत काम (बलात्कार) किया। जब पीड़िता ने विरोध किया और शादी की बात कही, तो आरोपी ने जल्द ही शादी करने का दिलासा देकर उसे चुप करा दिया।

### बच्चे के जन्म के बाद शादी से मुकरा आरोपी

पीड़िता जब गर्भवती हुई, तो उसने अपने माता-पिता को आपबीती सुनाई। परिजनों ने जब आरोपी मोहित से शादी का दबाव बनाया, तो वह टालमटोल करता रहा। इसी बीच, 4 फरवरी 2026 को पीड़िता ने एक बालक को जन्म दिया। बच्चा होने के बाद अब आरोपी ने साफ तौर पर शादी करने से इनकार कर दिया और पीड़िता को बेसहारा छोड़ दिया। अंततः हार मानकर पीड़िता अपने पिता के साथ थाना मझौली पहुँची और लिखित शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपी मोहित सिंह गौंड के खिलाफ निम्नलिखित धाराओं में अपराध पंजीबद्ध किया है। पीड़िता की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है।

**इनका कहना है**

चूंकि मामला नाबालिग से जुड़ा है और पीड़िता ने एक बच्चे को जन्म दिया है, इसलिए पाक्सो एक्ट की कड़ी धाराओं के तहत विवेचना की जा रही है। आरोपी की तलाश जारी है।

**विवेचना अधिकारी, सत्यनारायण कुशवाहा थाना मझौली**

# मझौली में महिला शक्ति समूह पर करोड़ों के गबन का आरोप

**अधिकारियों पर अभद्रता के भी लगे आरोप**

**मझौली, नवभारत।** क्षेत्र के 'महिला शक्ति समूह' में महिलाओं द्वारा जमा की गई मेहनत की गाढ़ी कमाई के गबन और धोखाधड़ी का एक गंभीर मामला सामने आया है। पोड़ी पोंडा और मझौली क्षेत्र की दर्जनों पीड़ित महिलाओं ने समूह की कर्मचारी पूजा नामदेव और अन्य उच्च अधिकारियों के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए प्रशासन से न्याय की गुहार लगाई है।

पीड़ित महिलाओं जिनमें मुख्य रूप से छोटी बाई, शशि चौधरी, विनिता चक्रवर्ती, विनय बाई और खांड महगवा लक्ष्मी स्व-सहायता समूह की सदस्य शामिल हैं का आरोप है कि महिला शक्ति समूह मझौली द्वारा उनसे दैनिक और मासिक आधार पर बचत राशि जमा कराई जाती थी। महिलाओं ने अपने भविष्य की सुरक्षा के लिए पाई-पाई जोड़कर यह राशि जमा की थी।



### पैसा मांगने पर मिली प्रताड़ना और धमकी

शिकायत के अनुसार, जब पोड़ी पोंडा क्षेत्र की महिलाएं अपनी जमा राशि वापस लेने के लिए मझौली स्थित कार्यालय पहुँची, तो वहां मौजूद कर्मचारी पूजा नामदेव और अन्य अधिकारियों ने पैसे वापस करने के बजाय महिलाओं के साथ अभद्रता की। महिलाओं का आरोप है कि अधिकारियों का रवैया तानाशाही पूर्ण है और वे अपनी ही जमा पूंजी मांगने पर उन्हें डरा-धमका रहे हैं। महिलाओं ने बताया कि वे गरीब परिवारों से आती हैं और अब अपनी ही मेहनत की कमाई के लिए दर-दर भटकने को मजबूर हैं। समूह के अधिकारी लगातार टालमटोल कर रहे हैं, जिससे क्षेत्र की सैकड़ों महिलाओं में भारी आक्रोश व्याप्त है।

### प्रशासन से कड़ी कार्रवाई की मांग

पीड़ित महिलाओं ने आवेदन सौंपकर मांग की है कि दोषी कर्मचारी पूजा नामदेव और संबंधित अधिकारियों के खिलाफ तत्काल उच्च स्तरीय जांच कर कानूनी कार्रवाई की जाए। महिलाओं द्वारा जमा की गई पूरी राशि (दैनिक एवं मासिक) ससम्मान वापस दिलाई जाए। गरीब महिलाओं को मानसिक और आर्थिक प्रताड़ना से राहत दिलाई जाए। महिलाओं ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही उनकी राशि वापस नहीं की गई और दोषियों पर कार्रवाई नहीं हुई, तो वे उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगी। साक्ष्य के रूप में महिलाओं ने जमा राशि की रसीदें और पासबुक की छायाप्रतियां भी प्रशासन को सौंपी हैं।

# इलाज में लापरवाही का आरोप कलेक्टर को सौंपी शिकायत

**सिहोरा।** सिहोरा तहसील के अंतर्गत पीएचसी गोसलपुर में आए दिन पदस्थ डॉक्टर स्टाफ की लापरवाही के अनंत किस्से और शिकायत मिलती रहती हैं वही गत 2 मई को गोसलपुर के नजदीक खजुरी निवासी दीक्षा सिंह उल्टी दस्त होने पर अपना इलाज कराने पीएचसी गोसलपुर पहुंची जहां पर तैनात चिकित्सक ने उन्हें चेक करके सामान्य गोलियां लिख दी पीड़ित दीक्षा राजपूत का कहना है की उसकी तबीयत ज्यादा खराब थी उन्होंने वाटल चढ़ाने के लिए डॉक्टर से विनम्र आग्रह किया परंतु डॉक्टर ने कहा की यहां बाटल चढ़ाने की व्यवस्था नहीं है जबकि गोसलपुर पीएचसी में जनरल वार्ड के साथ अनेक संसाधनों के माध्यम से बेहतर इलाज मुहैया कराने की व्यवस्था की गई है वही हर बार जन आरोग्य समिति की बैठक में समस्त स्टाफ और चिकित्सकों को मरीज को बेहतर से बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए जाते हैं परंतु पीएचसी गोसलपुर में लापरवाही की शिकायतें आम बात हो गई है दीक्षा सिंह ने उक्त आशय का लिखित शिकायत पत्र जबलपुर जिले की कलेक्टर राघवेंद्र सिंह व सीएमएचओ डॉ. नवीन कोठारी को सौंप कर मामले की जांच कर वैधानिक कार्रवाई की मांग की है। वही इस संबंध में ड्यूटी में तैनात डॉ. अंशुल जैन का कहना है की मरीज को आवश्यकता अनुसार बेहतर इलाज उपलब्ध कराया गया है।

# संयुक्त निदेशक ने किया जनगणना कार्य का निरीक्षण

**अधिकारियों को समीक्षा बैठक में दिए समयबद्ध व सटीक कार्य करने के निर्देश**

**नवभारत, जबलपुर।** जनगणना कार्य निदेशालय, भोपाल के संयुक्त निदेशक जय शहदादपुरी ने जनगणना कार्य के निरीक्षण के दौरान जबलपुर तहसील के अंतर्गत ग्राम घुंसौर एवं जोतपुर का दौरा किया। उन्होंने प्रगणक गीता कोल एवं अनीता उइके के साथ फील्ड में जाकर जनगणना के 34 प्रश्नों के पूछने की प्रक्रिया का अवलोकन किया तथा प्रश्न पूछने की शैली का मूल्यांकन किया। इस दौरान उन्होंने अनीता उइके के कार्य की सराहना की।



इस अवसर पर जबलपुर कलेक्टर कार्यालय में पदस्थ बलवंत रहंगडाले (जिला अतिरिक्त जनगणना अधिकारी) तथा जनगणना कार्य निदेशालय, भोपाल में जबलपुर के प्रभारी मनोज नथानी उपस्थित रहे। सभी अधिकारियों ने जबलपुर तहसील के अंतर्गत सुपरवाइजर सर्किल क्रमांक 1, 2 एवं 3 के कार्यों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में फील्ड की समस्याओं पर चर्चा करते हुए कार्य को निर्धारित समय सीमा में कुशलता एवं सत्यता के साथ पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।

इस दौरान फील्ड ट्रेनर राजकुमार बैरागी, अरविंद कुमार बाजपेयी, सुपरवाइजर जागृति साहू, पुष्पेंद्र बैरागी तथा प्रगणक आशीष पटेल, बैजनाथ यादव, विवेक कुमार साहू, गीता कोल, अनीता उइके, नीरज बाजपेयी, आशीष विश्वकर्मा, दुर्गादास, प्रशांत श्रीवास्तव, अजय लोधी, राकेश सिंह, आनंद जैन एवं अर्चना भट्ट सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

# बेलखाडू में भाजपा-एनडीए की जीत पर मनाया जश्न

**बेलखाडू, नवभारत, जबलपुर।** 4 मई को चुनावी रुझानों और परिणामों में भारतीय जनता पार्टी और उसके नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की कई राज्यों में मजबूत स्थिति देखने को मिली है। खबरों के अनुसार पश्चिम बंगाल, असम और पुडुचेरी सहित विभिन्न राज्यों में भाजपा-एनडीए की सरकार बनने पर देशभर में कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है। इसी कड़ी में आज बेलखाडू में भी भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा जीत का जश्न मनाया गया। कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी कर बम-पटाखे फोड़े, एक-दूसरे को मिठाई खिलाई और जीत की बधाई दी। पूरे क्षेत्र में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला। कार्यकर्ताओं ने कहा कि यह जीत विकास और जनकल्याण की नीतियों पर जनता की मुहर है। इस अवसर पर स्थानीय कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने एकजुट होकर पार्टी नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त किया और भविष्य में क्षेत्र के विकास के लिए मिलकर काम करने का संकल्प लिया। स्थानीय कार्यकर्ताओं में जगमोहन उपाध्याय, जतिन उपाध्याय, आनंद शिवहरे,पप्पू साहू, मनीष साहू , तरुण साहू, मनीष पांडे आदि ने जीत का जश्न मनाया।



# ग्रीष्म काल में पेयजल की कहीं समस्या नहीं हो

**कलेक्टर ने की शासन की प्राथमिकता वाले कार्यों की समीक्षा, दिए निर्देश**

**नवभारत,जबलपुर।** कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में लंबित पत्रों एवं शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं की विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमें उन्होंने विकास और जनहित से जुड़े विभिन्न विषयों पर आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में उन्होंने उपार्जन व्यवस्थाओं के संबंध में चर्चा कर शासन की मंशानुरूप कार्य करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि ग्रीष्म काल में पेयजल की कहीं समस्या न हो इसके लिए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों के साथ सरपंच-सचिव बैठक कर अपने-अपने क्षेत्र की समस्याओं का निराकरण सुनिश्चित करायें। बैठक में स्वच्छता सर्वेक्षण, प्रधानमंत्री श्रम योगी मान-धन योजना, निर्माण कार्यों की भी समीक्षा, जल गंगा संवर्धन अभियान बाल आरोग्य संवर्धन, वन अधिकार अधिनियम अंतर्गत पट्टा के साथ प्रायमरी स्कूल के परिसर में यदि जगह हो तो वहां आंगनवाड़ी केन्द्र बनाने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिये गये। इसके साथ ही लंबित पत्रों तथा सीएम हेल्पलाईन के प्रकरणों की समीक्षा की गई ।बैठक में नगर निगम कमिश्नर रामप्रकाश अहिरवार, सीईओ जिला पंचायत अभिषेक गहलोत सहित सभी संबंधति अधिकारी मौजूद थे। बैठक के दौरान सभी अधिकारियो ने बरगी क्रूज हादसे में दिवंगत व्यक्तियों के प्रति दो मिनिट मौन रखकर शोक संवेदना व्यक्त कर श्रद्धांजलि दी।

मिसाल | पूरे क्षेत्र में दिख रही परिंदों को बचाने के प्रति लोगों में जागरूकता

# भीषण गर्मी में पक्षियों के लिए भरे गए पानी के सकोरे





**बेलखाडू, वभारत,जबलपुर।** मध्य प्रदेश के ग्राम बेलखाडू में इन दिनों भीषण गर्मी के बीच मानवता और प्रकृति प्रेम की एक खूबसूरत तस्वीर देखने को मिली। गांव के युवाओं और महिलाओं ने मिलकर पेड़ों पर पानी के सकोरे (कटोरे/बर्तन) टांगकर पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था की और समाज को पर्यावरण संरक्षण का प्रेरणादायक संदेश दिया।

गर्मी का प्रकोप बढ़ते ही तापमान लगातार ऊंचाई पर पहुंच रहा है, जिससे इंसानों के साथ-साथ बेजुबान पक्षियों के लिए भी पानी की भारी कमी महसूस की जा रही है। ऐसे कठिन समय में गांव के लोगों ने आगे आकर अपने घरों और आंगनों में लगे पेड़ों पर छोटे-छोटे बर्तन बांधकर उनमें रोजाना पानी भरने की जिम्मेदारी ली।

### घर-घर दिखा जागरूकता का भाव

ग्राम की महिलाओं और युवाओं ने अपने स्तर पर यह पहल शुरू की। कई घरों में सुबह-शाम पेड़ों पर टंगे सकोरों में पानी भरा जा रहा है ताकि चिड़िया, कबूतर, मैना और अन्य पक्षियों को प्यास से राहत मिल सके। इस कार्य में बुजुर्गों के साथ बच्चों की भी भागीदारी देखने को मिली, जिससे पर्यावरण के प्रति जागरूकता की नई पीढ़ी तैयार हो रही है।

### पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

गांववासियों का कहना है कि बढ़ती गर्मी और पेड़ों की कमी के कारण पक्षियों का जीवन कठिन होता जा रहा है। ऐसे में यदि हर घर एक पेड़ पर पानी का सकोरा रख दे तो हजारों पक्षियों की प्यास बुझाई जा सकती है। यह छोटा-सा प्रयास प्रकृति के प्रति हमारी जिम्मेदारी को दर्शाता है।

### लोगों की पहल बन रही समाज के लिए प्रेरणा

बेलखाडू में क्षेत्रीयवासियों की यह पहल आसपास के गांवों और शहरों के लिए प्रेरणा बन रही है। ग्रामीणों ने लोगों से अपील की है कि गर्मी के दिनों में अपने घरों, छतों और पेड़ों पर पक्षियों के लिए पानी जरूर रखें। ताकि उन बेजुबान पक्षियों को भी राहत मिल सके। जिसका संदेश साफ है कि 'पानी बचाओ, पक्षी बचाओ, प्रकृति से प्रेम बढ़ाओ।